अमृत विचार
| बरेली |
सोमवार, 27 जुलाई 2026

PAGE NO.- 05 : MIDDLE

# रेनबो-2 में मधुर धुनों पर झूमे संगीत प्रेमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


गीत–संगीत से श्रोताओं को मुग्ध करते संगीतकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम इंट्रूमेंटल कार्यक्रम रेनबो-2 का आयोजन हुआ। इसमें गुरुजनों ने अपने वाद्ययंत्रों के साथ विभिन्न रागों पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गायन गुरुओं ने भी बखूबी उनका साथ दिया। कार्यक्रम का आगाज राग यमन के फ्यूजन में कैलाश की गूंज से हुआ।

वाद्य यंत्र गुरुओं में सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), दीपकांत जौहरी और अमर नाथ (तबला), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), सीमा (सितार), पवन भारद्वाज (हारमोनियम), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (ड्रम्स), डेरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड), रोई फिलिप्स (सेक्सोफोन), सुरेंद्र (परकसन) और जनार्दन (बांसुरी) ने शिव की महिमा, उनकी करुणा और उनकी दिव्य उपस्थिति का भावपूर्ण आह्वान किया। इसमें अपने स्वरों के जरिए गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने साथ दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपाली सक्सेना ने किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा.रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डा.एमएस बुटोला, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.शैलेश सक्सेना, डा.रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

● **रिद्धिमा में वाद्य यंत्र गुरुजनों ने विभिन्न रागों पर दी प्रस्तुति**